# गांव पहुंचकर योजनाओं का किया निरीक्षण, लिया फीडबैक

संदेश वाहक न्यूज

**लखीमपुर खीरी।** शनिवार को उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के अधीक्षण अभियंता अरविंद कुमार त्रिपाठी ने जनपद खीरी में संचालित पेयजल योजनाओं की प्रगति एवं जलापूर्ति व्यवस्था की हकीकत जानने के लिए विकास खंड लखीमपुर के कोरैय्या जंगल गांव का स्थलीय निरीक्षण किया। अधीक्षण अभियंता ने ग्रामीणों से वार्ता कर योजनाओं का फीडबैक लिया। अधीक्षण अभियंता लखनऊ क्षेत्र अरविंद कुमार त्रिपाठी ने सबसे पहले जल निगम ग्रामीण कार्यालय पहुंचकर एक्सियन मनोज कुमार मौर्य, ए ई सौरभ वर्मा सहित जल निगम ग्रामीण के अन्य अधिकारियों



एवं कर्मचारियों, टीपीआई, डीपीएमयू तथा कार्यदायी संस्थाओं एनसीसी लिमिटेड और वीटीएल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में अधीक्षण अभियंता ने योजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए तथा जलापूर्ति व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर जोर दिया।

बैठक के बैठक के बाद अधीक्षण अभियंता ने विकास खंड लखीमपुर की ग्राम पंचायत कोरैया जंगल पहुंचकर जल अर्पण, चौपाल एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता मनोज कुमार मौर्य, सहायक अभियंता सौरभ कुमार वर्मा, अवर अभियंता, एनसीसी फर्म के प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

- **कोरैया जंगल में आयोजित जल अर्पण एवं चौपाल कार्यक्रम में पहुंचे अधीक्षण अभियंता**

चौपाल के दौरान अधीक्षण अभियंता ने ग्रामीणों से जलापूर्ति व्यवस्था के संबंध में सीधे संवाद कर उनकी प्रतिक्रिया जानी। ग्रामीणों ने नियमित जलापूर्ति एवं योजना के सुचारु संचालन पर संतोष व्यक्त करते हुए व्यवस्था को सकारात्मक बताया इसके बाद अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता ने योजना का स्थलीय निरीक्षण करने के लिए गांव का भ्रमण कियाऔर ग्रामीणों से वार्ता की।

निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल योजना के सफल संचालन एवं नियमित जलापूर्ति पर संतुष्टि जताई। अधीक्षण अभियंता ने जल निगम ग्रामीण के अधिकारियों और कर्मियों को योजनाओं के सतत संचालन एवं ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए इस दौरान जल निगम ग्रामीण के सभी अधिकारी कर्मचारी और तमाम संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।